**सं. 24011/02/2018-स्था.(ख)**
**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग**
*****

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली, दिनांक 21 जनवरी , 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : प्रतिनियुक्ति आधार पर 1,44,200-2,18,200/-रुपए वेतन मैट्रिक्स में स्तर 14 में सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली (संयुक्त सचिव स्तर) के पद का भरा जाना ।**

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि 1,44,200-2,18,200/-रुपए वेतन मैट्रिक्स में स्तर 14 में सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), नई दिल्ली के पद को भरा जाना प्रस्तावित है। योग्यता संबंधी मानदंड **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

2. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जिन्हें उचित माध्यम से भेजा गया हो और जिनके साथ (i) **संलग्नक-II** में दिए गए प्रोफार्मा में जीवनवृत्त (बायोडाटा) हो; और (ii) **संलग्नक-III** में आवेदक के नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा जांच-सूची को सत्यापित किया गया हो; (iii) अधिकारी के अद्यतन एपीएआर डोजियर की स्पष्ट छायाप्रतियां जिसमें कम से कम पांच वर्षों की एपीएआर उपलब्ध हो और जिसे समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया हो; (iv) विगत पांच वर्षों के दौरान एपीएआर में दी गई ग्रेडिंग को दर्शाते हुए एक सत्यापित विवरण (v) संवर्ग अनापत्ति; (vi) सतर्कता एवं अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से अनापत्ति; तथा (vii) विगत दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी अथवा छोटी शास्तियों, यदि कोई हों, के ब्यौरे सहित विवरण शामिल हों।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से यह अनुरोध है कि वे विहित प्रोफार्मा में इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदनों को **अनुभाग अधिकारी (स्था.ख-1), कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग), कमरा सं. 215-सी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली – 110001 को अग्रेषित करें, ताकि 23 मार्च, 2020 तक अथवा उससे पहले इस कार्यालय में पहुंच सके ।**

4. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदनों को ही अग्रेषित किया जाए, जो चयन हो जाने की स्थिति में पद का कार्यभार तुरंत ग्रहण कर सकें और जिन्हें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके। एक बार आवेदन करने के पश्चात उसे वापस लिए जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित तारीख के पश्चात प्राप्त अथवा अपेक्षित प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों के बिना भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(कबीन्द्र जोशी )
निदेशक
दूरभाष सं. 23093180

सेवा में
(i) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
(ii) सभी राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।

अनुलग्नक-I

## सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली के पद के लिए पात्रता मानदंड

1. **पद का नाम :** सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली।
2. **वेतनमान :** वेतन मैट्रिक्स 1,44,200-2,18,200/-रुपए में स्तर 14 में
3. **पात्रता :** केन्द्र सरकार के अधिकारी (अखिल भारतीय सेवाओं और केन्द्रीय समूह 'क' सेवाओं के अधिकारियों सहित)

**(क)** (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों;

**अथवा**

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में स्तर 13 में वेतन मैट्रिक्स (1,23,100-2,15,900 रूपए) अथवा समतुल्य में नियमित आधर पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और

**(ख)** निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखता हो नामत :-

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्था से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।

(ii) सेवा, प्रशासनिक, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामलों से जुड़े कार्यों का संपादन करने में 10 वर्ष का अनुभव।

4. **प्रतिनियुक्ति की अवधि :** कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य के पद पर नियुक्त व्यक्ति पांच वर्ष की अवधि अथवा उनके 62 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, के लिए पद धारण करेगा। ऐसे मामले में जहां किसी सेवारत अधिकारी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, वह अधिवर्षिता की आयु प्राप्त होने तक प्रतिनियुक्ति पर रहेगा और उसके पश्चात उनपर ऊपर उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा एवं कार्यकाल के अधीन पुन: नियोजन की शर्तों पर उनके कार्यकाल को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

5. **आयु सीमा :** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनों के प्राप्त होने की **अंतिम तारीख** को 59 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**अनुलग्नक-II**

## प्रपत्र

| हाल ही की पासपोर्ट आकार की फोटोप्रति |
|---|

1. नाम और पता (बड़े अक्षरो में)
2. सेवा, जिससे संबंधित है:
3. जन्म तारीख और उम्र (दिनांक 23.03.2020 की स्थिति के अनुसार)
   ( लिखें ___ वर्ष ____ माह )
4. केन्द्र सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीखः
5. शैक्षणिक योग्यता(स्नातकोत्तर डिग्री या अधिक):
6. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित हैः
7. कृपया वर्तमान धारित पद के संबंध में निम्नलिखित ब्यौरे दें-
   (1) वर्तमान धारित पद एवं उसकी तारीखः
   (2) क्या नियमित/तदर्थ हैं :
   (3) वेतनमानः
   (4) वर्तमान मूल वेतनः
   (5) स्पष्ट करें की क्या वर्तमान धारित पद सेंट्रल स्टाफफिंग स्कीम के अधीन है :

8. कृपया स्पष्ट बताएं कि आप किस प्रकार निर्धारित योग्यताओं को पूरा करते हैः
   (i) क्या आप मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं (कृपया स्पष्ट रूप से हां अथवा नहीं का उल्लेख करें) ; ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया जाना है
   (ii) क्या आपने मूल संवर्ग या विभाग में स्तर 13 में वेतन मैट्रिक्स (1,23,100-2,15,900 रूपए) में अथवा समकक्ष स्तर में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड मे पाँच वर्ष की सेवा की है (कृपया हाँ अथवा नहीं का उल्लेख करें; ब्यौरा नीचे दी गयी तालिका में दिया जाना है)
   (iii) क्या आपके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था की स्नातकोत्तर डिग्री है, कृपया स्पष्ट उल्लेख करें।

   (iv) पिछले 10 वर्षों मे धारित पदों का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया जाना चाहिए (वर्तमान पद से शुरू कर)

| क्रम सं. | कार्यालय/संगठन का नाम, जहां नियोजित है | धारित पद | से | तक | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

(v) सेवा, प्रशासन, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामलों से संबंधित कार्य देखने के संबंध में पिछले 10 वर्षों के अनुभव का ब्यौरा, निम्नलिखित तालिकानुसार दिया जाना चाहिएः

| पिछले 10 वर्षों में अनुभव-क्षेत्र | ड्यूटी की प्रकृति | अनुभव की अवधि | वह संगठन जिसमें संगत अनुभव प्राप्त किया गया |
|---|---|---|---|
| प्रशासन:<br>सतर्कताः<br>स्थापनाः<br>वित्तीय मामले: | | | |

9. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद हेतु अपने आवेदन के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हों:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)
दूरभाष सं. (एसटीडी कोड सहित)/मोबाइल नं.

कार्यालय का पता एवं कार्यालय का टेलीफोन नं.

निवास स्थान का पताः

दिनांक

अनुलग्नक-III

## जांच सूची

(i) प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दिए गए विवरणों की उपलब्ध रिकॉर्ड से जांच कर ली गई है और ये सही पाए गए हैं।

(ii) प्रमाणित किया जाता है कि इस अधिकारी के विरूद्ध न तो कोई अनुशासनिक कार्यवाही/सतर्कता मामला लंबित है और न ही विचाराधीन है।

(iii) पिछले 10 वर्षों के दौरान दी गई सजा की सूची, यदि कोई हो, संलग्न हैं।

(iv) सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(v) अधिकारी का वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) डोजियर या इसके पिछले पांच वर्षों के अद्यतन डोजियर की साक्ष्यांकित प्रतियां, विधिवत साक्ष्यांकित, संलग्न हैं।

(vi) पिछले पांच वर्षों के दौरान वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन (एपीएआर) में ग्रेडिंग को इंगित करते हुए साक्ष्यांकित विवरण

| **एपीएआर ग्रेडिंग प्रपत्र** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अधिकारी का नाम** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** |
| | | | | | |

(vii) प्रमाणित किया जाता है कि चयन होने की स्थिति में अधिकारी को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर ...................

अग्रेषित करने वाले अधिकारी का
नाम एवं पदनाम तथा मोहर एवं
टेलीफोन न. (एसटीडी कोड) एवं मोबाईल नंबर: